हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

11 बैग मेंटेनेंस कंपीटिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




12 कराटे चैंपियनशिप में छाया झज्जर



## खबर संक्षेप

### हाउसिंग सोसाइटी में युवक की तबीयत बिगड़ी

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया है। युवक की पहचान 30 वर्षीय शक्ति सिंह के रूप में हुई है। चर्चा है कि युवक ने जहरीला पदार्थ निगला था लेकिन असल वजह अभी स्पष्ट नहीं है। युवक के बयान के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

**बहादुरगढ़।** मेवात से सोनीपत ले जाए जा रहे एक व्यक्ति की बीच रास्ते में तबीयत बिगड़ गई। उसे बहादुरगढ़ के अस्पताल में लाया गया तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान करीब 58 वर्षीय फरीद अहमद के रूप में हुई है। वह मेवात जिले का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, कुछ समय से उसकी तबीयत खराब थी। परिजन इलाज के लिए उसे केएमपी के रास्ते सोनीपत के एक अस्पताल लेकर जा रहे थे। बहादुरगढ़ में उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद वे यहां के अस्पताल में लेकर उसे आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### आज बाधित रहेगी बिजली

बहादुरगढ़। बिजली निगम की ओर से मंगलवार को मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते कबाड़ी मार्केट फीडर से जुड़ी आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक यह कार्य चलेगा। बाजार सहित आसपास कॉलोनियों में आपूर्ति प्रभावित रहेगी।
बिजली निगम के अधिकारियों ने

### गली में से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** बसंत विहार की एक गली से बाइक चोरी हो गई। बसंत विहार के निवासी अजय ने कहा है कि गत उसने अपनी बाइक गली में खड़ी कर रखी थी। सोमवार की सुबह देखा तो नहीं मिली।

# टोकन होने के बावजूद नहीं खरीदी जा रही पूरी सरसों, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

फसल खरीद के दौरान किसानों को होने वाली परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहले जहां किसानों को गेट पास कटवाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा था, वहीं अब टोकन होने के बावजूद भी पूरी सरसों नहीं खरीदी जा रही है। जिसके कारण किसान परेशान है और अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने को मजबूर है। जहांगीरपुर निवासी किसान श्री कृष्ण ने फसल खरीद के दौरान सरसों की फसल से कम सरसों खरीदने का आरोप संबंधित खरीद एजेंसी अधिकारियों पर लगाया है। उन्होंने बताया कि वह जब अपनी सरसों को मंडी में लेकर पहुंचा तो उसके 25-25 क्विंटल के कूपन बनाए गए। श्रीकृष्ण के अनुसार उसके कूपन में जहां हैफेड अधिकारियों द्वारा जहां पूरी 25 क्विंटल सरसों खरीदी गई वहीं अन्य खरीद एजेंसी एचएसडब्ल्यूसी के अधिकारियों द्वारा खरीद के दौरान 25 क्विंटल में से मात्र 24.75 क्विंटल सरसों की खरीद ही की गई। ऐसे में उसके चार कूपनों में एक क्विंटल सरसों की खरीद होने से रह गई। ऐसे में वह अपनी एक क्विंटल सरसों किसको बेचे यह उसकी समझ से परे है। आढ़ती भी उसे केवल खरीदी गई फसल की पेमेंट ही देने की बात कर रहे हैं।

■ उठान कार्य में तेजी के बाद खुलने लगे रास्ते


झज्जर। अनाजमंडी में उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

### पहली खेप के दौरान खरीदी गई सरसों का नहीं हुआ उठान

भले ही प्रशासनिक स्तर पर उठान कार्य में तेजी लाने की बात कही जा रही है। लेकिन पहली खेप के दौरान मार्केट सोसायटी द्वारा खरीदी गई सरसों के 50 किलोग्राम की क्षमता वाले 500 बैगों का उठान भी अभी तक नहीं हो पाया। संबंधित आढ़ती ने बताया कि वह संबंधित अधिकारियों व ट्रांसपोटर्स को अवगत करा चुका है लेकिन अभी तक उसकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया।

### 191548 सरसों व 350988 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज

अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप ने बताया कि अभी तक 199651 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है जिसमें से 189470 क्विंटल सरसों सरकार द्वारा निर्धारित खरीद एजेंसी द्वारा खरीदी जा चुकी है। साथ-साथ किए जा रहे उठान कार्य के चलते अभी तक 174300 क्विंटल सरसों का उठान भी हो चुका है। इसके अलावा गेहूं की आवक 433051 क्विंटल दर्ज की गई है जिसमें से 335950 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है और साथ-साथ किए जा रहे उठान कार्य के चलते 150400 क्विंटल गेहूं का उठान भी हो चुका है।

### बहादुरगढ़ की अनाज मंडियों में गेहूं, सरसों की आवक अब पड़ने लगी धीमी, उठान तेज

**बहादुरगढ़।** इलाके की अनाज मंडियों में गेहूं, सरसों की आवक लगातार धीमी हो रही है। हालांकि आवक और बिक्री के मुकाबले उठान में गति देखने को मिल रही है। बहादुरगढ़ और आसौदा की मंडी में गेहूं-सरसों उठान लगभग 93 प्रतिशत हो चुका है। सोमवार को सरसों की फसल के लिए बहादुरगढ़ की मंडी मे 13 गेट पास जारी हुए और 144.21 क्विंटल फसल आई। इस तरह से 163.35 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। अब तक यहां सरकारी और प्राइवेट मिलाकर 17490.65 क्विंटल खरीद हो चुकी है। जबकि उठान 14592 क्विंटल हुआ है। वहीं बात गेहूं की करें तो बहादुरगढ़ की मंडी में तीन गेट पास जारी होने के बाद मात्र 206 क्विंटल गेहूं आया और आसौदा में 39 गेट पास कटने के बाद 2083 क्विंटल फसल आई। दोनों जगहों पर 2263 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। अभी तक गेहूं की 95349.5 क्विंटल खरीद हो चुकी है तथा उठान 87252 क्विंटल हुआ है। मौसम को देखते हुए उठान प्रक्रिया में तेजी देखने को मिल रही है। लगभग 93 प्रतिशत उठान हो चुका है।

# जाको राखे साईयां मार सके ना कोय..


झज्जर। गाड़ी टकराने के बाद टूटी पेयजल सप्लाई पाइप लाइन व एकत्रित हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जाको राखे साईयां मार सके ना कोय। यह कहावत सोमवार की देर शाम उस समय चरितार्थ हो गई जब करीब साढ़े सात बजे शहर के शिव चौक के नजदीक एक बेकाबू गाड़ी तेज गति से आती हुई एक दुकान की सीढ़ियों से जा टकराई। गणीमत यह रहा कि इस दुर्घटना में गाड़ी का अगला हिस्सा जहां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं किसी को किसी प्रकार चोट नहीं आई। हालांकि असंतुलित गाड़ी ने घरों में जा रही पेयजल सप्लाई को भी तोड़ दिया। गाड़ी के धमाके के साथ लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने गाड़ी चालक को मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पता चला कि गाड़ी की रेस अचानक ओवर हो गई और स्टेयरिंग ने भी एकदम से काम करना बंद दिया। इस दौरान पहले जहां गाड़ी बेकाबू होकर सड़क पर सीधी दिशा में तेज गति से दौड़ने लगी उसके बाद यकायक सड़क के दायीं ओर की दुकान से जा टकराई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी एक युवक ने बताया कि उसने देखा कि एक गाड़ी तेज गति से उसकी ओर आ रही है इसलिए वह भाग कर एक दुकान में घुस गया कि तभी वह गाड़ी धमाके के साथ दूसरी ओर बनी दुकान में जा लगी। गणीमत यह रही कि गाड़ी चालक को चोट नहीं लगी।

■ जबरदस्त टक्कर, करीब सौ मीटर तक सुनी आवाज, कोई घायल नहीं

## सीएम फ्लाइंग और विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम का फैक्ट्रियों पर छापा

# खामियां पाए जाने पर मशीन की सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सीएम फ्लाइंग और विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने सोमवार को झज्जर रोड स्थित एक फैक्ट्री पर छापा मारा। इस दौरान बारीकी से फैक्ट्री परिसर का निरीक्षण किया गया। खामियां पाए जाने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से फैक्ट्री में मशीन को सील कर दिया गया। जबकि नगर परिषद और दमकल विभाग की ओर से नोटिस दिए जाएंगे।

■ नगर परिषद और दमकल विभाग की ओर से नोटिस दिए जाएंग

दरअसल, सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि झज्जर रोड स्थित मां भगवती ट्रेडिंग कंपनी में प्लास्टिक-रबड़ के कचरे को जलाकर दाना तैयार किया जाता है। इस सूचना पर सोमवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने बहादुरगढ़ में दस्तक दी। एसआई सहदेव की अगुवाई वाली इस टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एसडीई अमित, नगर परिषद से भवन निरीक्षण प्रवीण कुमार, सब फायर आफिसर रवींद्र कुमार आदि शामिल थे। मौके पर पंकज नाम का एक कर्मचारी मिला। टीम के मुताबिक, उस कर्मचारी ने ये कहा कि वह यहां प्लास्टिक को पिंघलाने का काम करता है। यह फैक्ट्री जितेंद्र नाम के एक शख्स की है, जो मौके पर नहीं मिला। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीई अमित कुमार ने मशीन को मौके पर ही सील कर दिया। जबकि भवन निरीक्षक प्रवीण तथा दमकल अधिकारी की ओर से नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद टीम ने नजफगढ़ रोड स्थित पुरानी गाड़ियों के स्क्रैप काटने वाले एक गोदाम में निरीक्षण किया। जांच के दौरान वहां खरहर का निवासी जीत मिला। उसने बताया कि यह प्लांट उसका है लेकिन फिलहाल दिल्ली के निवासी संदीप को किराये पर दे रखा है। स्क्रैपिंग सुविधा पंजीकरण लाइसेंस नहीं बना, इसलिए इस कंपनी को बंद कर दिया गया है। पड़े हुए स्क्रैप को उठाया जा रहा है। इस संबंध में भवन निरीक्षक की ओर से नोटिस दिय जाएगा।


बहादुरगढ़। मौके पर जांच करती अधिकारियों की टीम।

### प्लास्टिक पिंघलाने वाली चार फैक्ट्री सील

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में निजामपुर रोड पर प्लास्टिक पिंघलाने वाली फैक्ट्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। ग्रीन जोन में मौजूद इन फैक्ट्रियों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सीएम फ्लाइंग के छापों के बाद बेशक मशीनें सील की जाती हों, अन्यथा यहां बेरोक-टोक काम चलता रहता है। कई बार आग लगने की घटनाएं भी यहां हो चुकी हैं।


बहादुरगढ़। फैक्ट्री के बाहर जांच करती टीम।

सोमवार को सीएम फ्लाइंग और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने यहां दस्तक दी। टीम ने यहां चार फैक्ट्रियों को सील कर दिया। सबसे पहले टीम ने सुभाष, नीरज और संदीप की फैक्ट्री पर दस्तक दी। ये चालू हालत में थी। जांच के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीई की ओर से सील कर दी गई। जबकि राकेश नाम के शख्स की फैक्ट्री बंद मिली तथा सुधीर की फैक्ट्री को भी सील कर दिया गया। इन फैक्ट्रियों को पूर्णतः बंद करने के लिए नोटिस भी जारी किए जाएंगे। जांच के दौरान इनके पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद से कोई परमिशन लेटर नहीं मिला। वहीं बिजली निगम की ओर से भी यहां लगे मीटरों की जांच करते हुए आगामी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट बना कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उस आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि यहां पिछले कई वर्षों से यह काम चल रहा है। दिनोंदिन प्लास्टिक कचरा पिंघलाने वाली इन फैक्ट्रियों की संख्या बढ़ रही है। कार्रवाई के नाम पर छापेमारी जरूर होती है लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठ सका है।

# पिकअप की टक्कर बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर-रेवाड़ी मार्ग पर दादनपुर गांव के नजदीक एक तेज गति से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार कर मोटरसाइकिल सवार को घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम जिले के हरिनगर निवासी सुखबीर ने बताया कि वह कौशल रोजगार के अंतर्गत बिजली निगम मानेसर में कार्यरत है। बीती 25 अप्रैल को जब वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर अपने साथी कहाड़ी निवासी संजय को मोटरसाइकिल पर घर छोड़कर वापिस आ रहा था तो दादनपुर गांव के नजदीक पीछे से तेज गति से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसके बाद वह मौके से वाहन सहित भाग गया। राहगीरों की सहायता से उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से उसे गंभीर हालत के कारण प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। सुखबीर के अनुसार इसके बाद उसके परिजनों द्वारा रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया। पुलिस ने सुखबीर की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ झज्जर-रेवाड़ी मार्ग पर दादनपुर गांव के निकट हुआ हादसा

# चोरी के आरोप में पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कसार में हुई चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। सेक्टर-6 थाना प्रभारी महेश कुमार के अनुसार, अंकित निवासी कसार ने शिकायत देते हुए बताया कि दिनांक 27 अप्रैल को उसने अपने पानी के टैंकर को पीएनबी एटीएम के पास साइड में खड़ा किया था। जब वह अपने पानी के टैंकर को लेने आए तो टैंकर की हलस नहीं मिली। उसको तीन लड़के टाटा ऐस गाड़ी में डालकर ले गए। जिस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 6 बहादुरगढ़ में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान राजीव निवासी नांगलोई दिल्ली व सचिन निवासी मथुरा उत्तर प्रदेश हाल टिकरी दिल्ली के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपियों से चोरीशुदा सामान व वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी टाटा एस बरामद की गई है।



# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली रेल मार्ग पर बराही फाटक के निकट पर एक अधेड़ का शव मिला। ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत होने की आशंका है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में 70 घंटे के लिए रखवा दिया है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की है। जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति बराही फाटक के नजदीक ड्रेन पुल से लाइन क्रास कर रहा था। इसी दौरान किसी गाड़ी की चपेट में आ गया। किसी राहगीर की नजर पड़ी तो उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी थाने से टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जांच अधिकारी राकेश कुमार का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष आंकी जा रही है। कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला है। शव को निर्धारित 72 घंटे के लिए मोर्च्युरी में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आसपास गांवों में लोगों से पूछताछ की जाएगी। चौकी-थानों में संपर्क किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटनावश मौत होने की ही बात सामने आई है।

■ मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई

■ पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में 70 घंटे के लिए रखवा दिया

# डिवाइडर पर पलटी गाड़ी स्कूटी सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। नेशनल हाइवे के डिवाइडर पर पलटी गाड़ी।

नेशनल हाइवे-9 पर गांव रोहद में सोमवार की शाम को हादसा हो गया। यहां एक टाटा एस गाड़ी से टकराकर इनोवा गाड़ी डिवाइडर पर जा पलटी। इस हादसे में स्कूटी सवार भी चपेट में आ गया। उसे गंभीर चोट आई है। घटना शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सन लाइट मोड़ के निकट से एक इनोवा गाड़ी मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान एक टाटा एस गाड़ी से टकराकर सड़क के बीचों बीच बने डिवाइडर पर जा पलटी। गाड़ी में कुछ लोग सवार थे। इस दौरान एक स्कूटी सवार भी गाड़ी की चपेट में आ गया था। जिसे इस हादसे में गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उसको संभाला और अस्पताल लेकर गए। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अभी घायल की पहचान नहीं हो पाई है। दुर्घटना किसकी लापरवाही से हुई, ये जांच का विषय है। बयान के बाद ही पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी।

**सम्मान**

## अमित ने युवाओं को मन लगाकर पढ़ने और लक्ष्य बनाकर आगे चलने को प्रेरित किया

# न्यायाधीश बने अमित का पैतृक गांव में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बेटा जज बना तो न केवल परिवार बल्कि पैतृक गांव में भी खुशी की लहर दौड़ गई। गांव में आने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। गांव के लोगों ने पलकों पर बैठा लिया और फूलों की मालाओं से अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने जज बने अमित को आशीर्वाद दिया तो अमित ने भी युवाओं को मन लगाकर पढ़ने और लक्ष्य बनाकर आगे चलने को प्रेरित किया।

■ बोले, पिता-दादा से ही राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिली और और लक्ष्य बनाकर प्राप्त करने में जुट गए


बहादुरगढ़। अपने पिता के साथ जज अमित।

### दिल्ली में जज बने

दरअसल, गोयला कलां के निवासी बिजेंद्र सिंह दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। फिलहाल दिल्ली के नजफगढ़ में परिवार सहित रहते हैं। बिजेंद्र के बेटे अमित कुमार हाल ही में दिल्ली में जज बने हैं। अमित ने दिल्ली से ही पढ़ाई की है। अमित के पिता तो दिल्ली पुलिस में हैं ही, दादा धर्म सिंह भी दिल्ली पुलिस में सेवाएं दे चुके हैं। अपने पिता-दादा से ही राष्ट्र सेवा की प्रेरणा उन्हें मिली और लक्ष्य बनाकर उसे प्राप्त करने में जुट गए। जैसे ही सफलता मिली तो न केवल परिवार बल्कि पैतृक गांव में भी खुशी की लहर दौड़ गई। हाल ही में अमित अपने परिवार सहित गांव में पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। ताऊ प्रेम सिंह, चाचा सुखबीर सिंह, सोमबीर, भाई मोनू, दीपक, प्रधान देवेंद्र, पूर्व प्रधान के पिता राज सिंह, नरेंद्र लाठर, सत्तू, रामकंवार सहित कई ग्रामीणों ने जोरदार अमित का स्वागत किया। जज अमित ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने बेहद मेहनत की है। इस सफलता में माता-पिता, पूरे परिवार और दोस्तों का बहुत सहयोग रहा है। जब भी जरूरत पड़ी तो पिताजी ने गाइड किया, जिससे बहुत मदद मिली। युवाओं को यही संदेश है कि रील की बजाय रियल लाइफ पर फोकस करें। मन लगाकर पढ़ाई करें और लक्ष्य निर्धारित करें। मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। माता-पिता ने कहा कि अमित ने बहुत मेहनत की है। रातभर जागकर पढ़ाई करता था। उसकी मेहनत रंग लाई है। हमें खुशी है कि बेटा जज बना है और अब ईमानदारी से अपना काम करेगा।

# जेजेपी जिलाध्यक्ष संजय ने छोड़ी पार्टी

## बोले, बादली की जनता से राय लेकर अगला कदम उठाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को जननायक जनता पार्टी को एक और झटका लगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय कबलाना ने स्थानीय पदाधिकारियों व समर्थकों के साथ पार्टी को अलविदा कह दिया। संजय कबलाना ने वर्ष 2019 में जेजेपी की टिकट पर बादली विधानसभा से चुनाव लड़ा था और 25 हजार से अधिक मत हासिल किए थे। इससे पहले वर्ष 2009 में उन्होंने भाजपा की टिकट पर बादली विधानसभा का चुनाव लड़ा था। बाद में वर्ष 2014 के चुनाव से पहले वह इनेलो पार्टी में शामिल हो गए थे। लेकिन इनेलो ने टिकट नहीं दी थी। इनेलो से अलग होने पर जननायक जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। संजय कबलाना ने कहा कि अपने परिवार के सदस्यों से सलाह करने के बाद जननायक जनता पार्टी को अलविदा कहा है। उन्होंने कहा कि अब वे बादली हलके की जनता से राय लेने के बाद ही अगला कोई कदम उठाएंगे और उसके बाद जैसे जनता चाहेगी वैसा ही करेंगे। अगर जनता ने किसी पार्टी में शामिल होने के लिए होने कहा तो पार्टी में शामिल हो जाएंगे। अन्यथा विधानसभा चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लड़ेंगे।

■ वर्ष 2019 में जेजेपी की टिकट पर बादली विधानसभा से लड़े थे चुनाव


झज्जर। अपने निवास स्थान पर समर्थकों के साथ संजय कबलाना।





स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

# पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

### हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

### हंसी पर क्या कहते हैं शोध

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठठ्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



### एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

### सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

### हंसी हजार नियामत

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें।

# जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा ना करें कि सामने वाला हंसने के बजाय आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल ना करें, जिसे आप स्वयं भी ना सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार ना करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब ना दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।

**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक ना उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह ना भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। जब हम जिसका मजाक उड़ाते हैं, अगर उसके मन में यह भावना आती है कि आप उसका अपमान कर रही हैं, तो चाहे वह कितना अच्छा दोस्त हो, उससे आपके रिश्ते सलामत नहीं रहेंगे। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। भले कुछ लोग कहते हों कि मजाक करके वह माहौल को हल्का-फुल्का और तनावमुक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ा झूठ है। जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो माहौल हल्का नहीं होता, उस व्यक्ति के लिए तो बहुत ही तनावभरा हो जाता है।



### क्या कहता है मनोविज्ञान

**मनोविज्ञान** के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।

**लोगों को मौका ना दें :** जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में ना सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। अगर आपने उसे आगे बढ़ने दिया तो वह भविष्य में अगर पीछे लौटने का हौसला भी दिखाएगा तो बार-बार इससे पीछे भी हट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा। यह कभी नहीं भूलें, मजाक हंसने-हंसाने के लिए होते हैं, दिल को दुखाने के लिए नहीं।

एडवाइस / विनीता

# अपने आप से क्यों रखें शिकायत

हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। ऐसी गलती भी हो जाती है, जिसमें अपना ही नहीं, अपने किसी प्रिय का नुकसान हो जाता है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। एक तरह से अपराधबोध से ग्रस्त हो जाते हैं। लंबे समय तक ऐसी मनःस्थिति मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन उबरें कैसे, जानिए-

**हमेशा खुद को दोषी ना समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो लगातार उसके बारे में सोचकर उदास-निराश होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।

**हीनभावना से बचें :** किसी गलती के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। इससे व्यक्ति को ऐसा लगता है कि वह दिमागी रूप से बहुत कमजोर है, इसी कारण अकसर उसी से ही गलतियां होती हैं। वह असक्षम है।



अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपने लिए कुछ अच्छा सोचेंगी। अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।

**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोगों के पास दूसरों के लिए समय नहीं है। अधिकांश लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं, इसलिए आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी। इसके लिए आपको अपनी कमियों और गलतियों के प्रति सचेत रहना होगा, अपनी आदतों को निरंतर सुधारने की कोशिश करनी होगी।

**खुद को दें शाबासी:** हमेशा कुछ नया सीखने और करने का प्रयास करें। अपना आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाएं। इसके लिए जब भी किसी कार्य में आपको सफलता मिले तो उसके बारे में सोचकर खुद पर गर्व महसूस करें। अपने आप को शाबासी भी दें। जब आप खुश होकर अपने बारे में सकारात्मक नजरिया रखेंगी तो आपके मन में खुद के प्रति कोई शिकायत नहीं रहेगी। **(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# मेनोपॉज के बाद ऐसे करें सेल्फ केयर

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'



**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'



**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक ना होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'

सीजनल टिप्स / संध्या सिंह

# जब समर सीजन के लिए सेलेक्ट करें ड्रेस-एक्सेसरीज

गर्मी के मौसम में हर कोई ऐसी ड्रेसेस और एक्सेसरीज सेलेक्ट करना चाहता है, जिससे सुकून मिले। इसलिए इन पर ध्यान देना जरूरी है।

**सुकून देने वाले कलर्स :** अपनी ड्रेस कलर च्वाइस से भी आप गर्मी को मात दे सकती हैं। गर्मियों में डिजाइन कैसी भी हो, मैटेरियल कैसा भी हो लेकिन अगर कलर सुटेबल नहीं हो तो सुकून नहीं मिलता है, परेशान करने वाली बेचैनी बनी रहती है। इसलिए बेहतर है कि व्हाइट कलर ड्रेसेस को प्रेफरेंस दें। यह कलर गर्मी को सोखता नहीं है, उसे रिफ्लेक्ट कर देता है इसलिए गर्मियों में इस कलर की ड्रेसेस ही चुनें। डार्क और ब्लैक कलर ड्रेसेस को अवॉयड ही करें। ब्लू कलर भी ज्यादा यूवी किरणों को सोखता है, इसलिए इस मौसम में गहरे रंगों से दूर रहें। लाइट ग्रीन, ऑरेंज, यलो और स्काई ब्लू कलर ही इन दिनों सुकून पहुंचाते हैं।

**ऑफ शोल्डर टॉप-हाफ पैंट्स :** इस मौसम में बहुत चुस्त और फिटेड ड्रेसेस ना अच्छे लगते हैं और ना ही आरामदायक होते हैं। इस लिहाज से कॉटन मेड ऑफ शोल्डर टॉप और हाफ पैंट्स, उन टीनएज गर्ल्स और यंग वूमेन के लिए परफेक्ट ड्रेस है, जो गर्मियों में आउटिंग पर जा रही हों। हालांकि इसे फ्रेंड्स के साथ गेट-टू-गेदर में भी कैरी कर सकती हैं, क्योंकि इस ड्रेस में यंग वूमेन खूब फबती हैं। यह ड्रेस कॉम्बिनेशन मॉडर्न लुक तो देती ही है, इससे सुकून भी मिलता है। इसके अलावा लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट, लिनेन जैकेट और कॉटन टी-शर्ट विद पलाजो, गर्मियों के लिए अच्छी च्वाइस हैं।



**हील्स को कहें बाय-बाय:** अप्रैल, मई और जून माह में उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में जिस तरह की गर्मी पड़ती है, वैसे मौसम में हाई हील्स को बाय-बाय कहने में ही समझदारी है। दरअसल, गर्मी के मौसम में देर तक हील्स पहनने से पैर की अंगुलियों पर बहुत दबाव महसूस होता है। इस दौरान लगातार हील्स पहनने से पैरों की शेप तक बिगड़ जाती है। चूंकि हील्स पहनने से सेंटर ऑफ ग्रेविटी का आगे की ओर खिसक जाता है, इसलिए खड़े होने पर न चाहते हुए भी पीठ झुक जाती है। यह कई बार असहनीय पीठ दर्द का कारण बन जाता है। इसलिए हील्स पहनने से बचें।

**कंफर्टेबल फुटवियर :** शॉर्ट ड्रेसेस की तरह गर्मी के मौसम में फुटवियर भी कंफर्टेबल ही पहनें। फुटवियर हमारे पैरों को राहत ही नहीं देते, ये हमें स्टाइलिश भी बनाते हैं। इसलिए स्नीकर्स पहनते समय जमीन से सटी सैंडिल या हाई हील्स की तरफ भूलकर भी ना देखें। बेचैन करने वाली गर्मियों में यह पक्का डिसाइड कर लें कि इस मौसम में जो कुछ पहनेंगी कंफर्टेबल ही पहनेंगी।

**पैरों को दें नमी :** शॉर्ट ड्रेस पहनते समय पैरों की त्वचा का ध्यान रखना जरूरी है क्योंकि इनमें ज्यादातर समय पैर सीधे धूप, मिट्टी और गर्म हवाओं को सहते हैं। इसलिए अपने पैरों को इन परेशानियों से बचाने के लिए लेग्स को नियमित मॉयश्चराइज करती रहें वरना आपके पैरों की स्किन ड्राय और डल हो जाएगी।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित के बयान पर 9 अप्रैल को विभिन्न धाराओं तहत केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच के बाद नीलगिरी कॉलोनी निवासी रवि को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल के बयान पर 14 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद आकेड़ा निवासी साहिल और राहुल को गिरफ्तार किया गया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 अप्रैल को थाना क्षेत्र में हुए हादसे के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में नांगल पठानी निवासी शिव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हुड़दंगबाजी करने के आराप में पांच युवक काबू

**भाड़ावास।** पुलिस चौकी ने सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करते हुए लोगों की शांति भंग करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार कनुका निवासी जितेन्द्र, जैतड़ावास निवासी मयंक, बेरवाल निवासी संदीप, मोहित व साहिल एक ढाबे के पास आपस में गाली-गलौज कर रहे थे और लोगों की शांति भंग कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर पांचों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बाइक खड़ी करने पर विवाद देवर-भाभी को मारपीट

**रेवाड़ी।** गांव करावरा मानकपुर में गली में खड़ी बाइक को लेकर कुछ लोगों ने देवर-भाभी पर हमला कर दिया। रोहड़ाई थाना पुलिस को दी शिकायत में करावरा मानकपुर के होशियार सिंह ने बताया कि बीती शाम को वह अपनी भाभी अनीशा के साथ बाइक पर सवार होकर पुराने घर पहुंचा था तथा बाइक को घर के बाहर खड़ी कर सामान लेने के लिए अंदर चले गए। तेज हॉर्न की आवाज सुनकर वह बाहर आया और बाइक को साइड करने लगा।कुछ बाइक सवारों ने उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसकी भाभी भी बाहर आ गई और बीच-बचाव करने लगी।

### बदमाशों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन पर किया हमला

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित खरखड़ा कट स्थित पेट्रोल पंप पर सोमवार की अलसुबह हथियारों से लैस होकर पहुंचे 5 बदमाशों ने सेल्समैन पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर बदमाश फरार हो गए और लूट की वारदात को अंजाम नहीं दे पाए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैग मेंटेनेंस कंपीटिशन का आयोजन

# बैग मेंटेनेंस कंपीटिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** होनहार विद्यार्थी स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि


**झज्जर।** प्रमाण पत्र दिखाते हुए हेल्दी फूड कंपीटिशन के विजेता विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैग मेंटेनेंस कंपीटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कॉपी व किताबों को बैग में व्यवस्थित करके दिखाया। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पहली कक्षा से सावी, रीना,परिधि व नक्श, दूसरी कक्षा से आदित्य, भावी, वंश और केशव, तीसरी कक्षा से रुचिता, निधि व वंशु, चौथी कक्षा से भूमिका व हितिशा, पांचवीं कक्षा से वंशु, अंशिका व रिदम, छठी कक्षा से अंशिका, हिशांत, उर्वशी, नियति व वैभव, सातवीं कक्षा से आकाश, करुणा, मानसी,भव्या, मनुश्री व विधि, आठवीं कक्षा से यश, रजनी व इच्छा तथा नौवीं कक्षा से हर्षित, स्नेहा, शगुन व गरिमा को पहला स्थान मिला। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाती है। इस मौके पर स्कूल कॉर्डिनेट रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### हेल्दी फूड कंपीटिशन के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**झज्जर।** कैम्ब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय भदाना में सोमवार को प्री-नर्सरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच हेल्दी फूड कंपीटिशन का आयोजन किया गया। लंच बॉक्स के निरीक्षण के आधार पर घोषित प्रतियोगिता परिणामों में सक्षम, रितेश, तनवी, जियांश, विवान, विराज ने पहला स्थान, लक्ष्य, तनिश, गर्वित, कनक व हेन्नी ने दूसरा तथा निकुंज, नक्श व हार्दिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए स्कूल निदेशक धर्मेंद्र जून ने कहा कि हमें अपने आहार में संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर अध्यापिका प्रियंका, पिंकी, ज्योति, संगीता, रितिका सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने से पूर्व लेनी होगी अनुमति

- विज्ञापनों के प्रसारण से 48 घंटे पूर्व एमसीएमसी कमेटी के समक्ष निर्धारित फॉर्मेट में आवेदन करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** केबल ऑपरेटरों के साथ मीटिंग करते हुए डीआईपीआरओ सतीश कुमार।

जिले के केबल ऑपरेटरों व सिनेमाघर संचालकों के साथ डीआईपीआरओ एवं मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी सचिव सतीश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में लोकसभा चुनाव के दौरान विज्ञापन प्रसारित करने के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों के बारे में जानकारी दी गई। डीआईपीआरओ ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी केबल टीवी नेटवर्क द्वारा कोई भी राजनीतिक विज्ञापन पूर्व प्रमाणीकरण के बिना प्रसारित नहीं किए जाएंगे। राजनीतिक विज्ञापनों के प्रसारण से 48 घंटे पूर्व एमसीएमसी कमेटी के समक्ष निर्धारित फॉर्मेट में आवेदन करना होगा। यदि कोई केबल टीवी नेटवर्क बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई राजनीतिक विज्ञापन जारी करता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### विज्ञान व गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों का किया सम्मान


**झज्जर।** होनहार विद्यार्थी विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** सिल्वर जोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित विज्ञान एवं गणित ओलंपियाड में मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान ओलंपियाड में ग्यारहवीं कक्षा ग्रुप में अनीशा, महक व मानशी ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। बारहवीं कक्षा ग्रुप में दीपांशी ने पहला, सपना ने दूसरा व साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गणित ओलंपियाड के दसवीं कक्षा ग्रुप में निकिता को पहला, सिया को दूसरा व कशिश को तीसरा स्थान मिला। ग्यारहवीं कक्षा ग्रुप में वर्षा प्रथम व रिया द्वितीय रही। बारहवीं कक्षा ग्रुप में अक्षित पहले व दीपिका दूसरे स्थान पर रही। बारहवीं कक्षा ग्रुप में अंकित व राखी ने क्रमशः पहला व दूसरा रैंक हासिल किया। संस्था निदेशक रामफूल शास्त्री, प्राचार्या संतोष कुमारी व उपप्राचार्य कपिल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्कूल में बच्चों ने नृत्य दिवस मनाया



**बहादुरगढ़।** स्लोगन के जरिये नृत्य के लाभ बताते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ग्लोबल हाईट्स स्कूल परिसर में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय डांस दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कक्षा पहली व दूसरी के छात्रों ने नृत्य कलाओं के विषय में बताया तथा नृत्य से होने वाले फायदों से अवगत कराया। छात्रों ने एकल नृत्य कर समां बांध दिया। प्रिंसिपल उषा दहिया ने अंत मे छात्रों को बताया कि नृत्य भी मानवीय अभिव्यक्तियों का एक रसमय प्रदर्शन है। यह एक सार्वभौम कला है, जिसका जन्म मानव जीवन के साथ हुआ है। बालक जन्म लेते ही रोकर अपने हाथ पैर मार कर अपनी भावाभिव्यक्ति करता है कि वह भूखा है- इन्हीं आंगिक-क्रियाओं से नृत्य की उत्पत्ति हुई है।

### वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगों को घर से मतदान के लिए भरना होगा फॉर्म 12-डी

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी हो चुका

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग ने दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के लिए घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। 40 प्रतिशत दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक फॉर्म 12-डी भरकर रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। चुनाव आयोग के नियमानुसार नोटिफिकेशन के पांच दिनों के अंदर घर से मतदान के लिए दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को फॉर्म रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन करना होगा।

# जरुतमंद विद्यार्थियों में किया पुस्तक वितरण

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी आसरा के विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** जरुरतमंद विद्यार्थियों में पुस्तक वितरण करते हुए नामदेव परिवार के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा में सोमवार को जरुरतमंद विद्यार्थियों में पुस्तक वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज सेवा का जज्बा रखने वाले एक परिवार द्वारा डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थियों में पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक प्रमिला, पूनम, माया, पूजा व सोहनलाल की मौजूदगी में पुस्तक वितरण करने पहुंचे दयावती नामदेव, बीरमति नामदेव, शिव कुमार नामदेव, हिमांशु, सुरभि, हविका, ख्वाहिश रोहिल्ला, सुनील ठेकेदार व जोगिंद्र रोहिल्ला ने कहा कि समाज के अन्य लोगों को भी जरुरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इसके अलावा शहीद लेफ्टिनेंट रविंद्र छिक्कारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी आसरा के विद्यालय में भी पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान प्राचार्य बीरेंद्र सिंह चौहान, सुभाष, अशोक, अनिल कुमार, नीलम, अन्नू, रेखा, सुशीला सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### लोहे का जाल चोरी करने मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा लोहे का जाल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी सदानंद ने बताया कि मानसिंह निवासी दिल्ली गेट की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रोहित निवासी रामपुरा जिला झज्जर व विशाल निवासी भदाना जिला सोनीपत के तौर पर की गई है। आरोपियों से चोरी किया गया लोहे का जाल व वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# हरियाली पर चली पब्लिक हेल्थ की जेसीबी, वन विभाग से नहीं ली अनुमति

### ग्रामीणों ने पेड़ उखाड़ने पर जताया रोष, वन विभाग जांच के बाद लेगा एक्शन



**रेवाड़ी।** काटे गए हरे पेड़ दिखाते ग्रामीण, काटे गए हरे पेड़ दिखाते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट ने अवकाश का दिन होने के कारण रविवार को बुड़ौली के जलघर में 100 से अधिक पेड़ों पर जेसीबी चला दी। पेड़ उखाड़ने से पहले विभाग की ओर से वन विभाग से अनुमति भी नहीं ली गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग हरकत में आ गया है।

विभाग ने पेड़ उखाड़ने की अनुमति से इनकार करते हुए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। गांव की करीब 10 एकड़ पंचायती जमीन पर जलघर बना हुआ है। जलघर की जमीन पर हजारों की संख्या में हरे पेड़ खड़े हुए हैं। पेड़ काटने के लिए नियमानुसार वन विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई ने 100 से अधिक पेड़ों को अवकाश के दिन जेसीबी से उखड़वा दिया। पेड़ उखाड़े जाने की सूचना मिलने के बाद सरपंच सतीश कुमार ने मौके पर जाकर जेई से पूछताछ की, तो उसने वन विभाग से अनुमति लेने का दावा किया। सरपंच ने अपने स्तर पर पता लगाया तो इस बात की जानकारी मिली कि जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से पेड़ उखाड़ने के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई है। इसके बाद ग्राम पंचायत वन विभाग को इसी शिकायत दर्ज कराई। सरपंच ने संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डीसी और फोरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई है।

#### जेई पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा



*आरंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि जेई प्रवीन कुमार ने बिना अनुमति जेसीबी मशीनों से पेड़ उखड़वाए हैं। जेई के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।*
*-संदीप कुमार, वन रजिक अधिकारी।*

#### जेई से की जाएगी मामले में पूछताछ

*यह मामला मेरी जानकारी में नहीं है। अगर ऐसा हुआ है, तो जेई से पूछताछ के बाद स्थिति साफ होगी। विभाग बिना अनुमति के बिना पेड़ों की कटाई नहीं करता।*
*-रविंद्र गोठवाल, एक्सईएन, पब्लिक हेल्थ।*

#### बरसात के सीजन में लगाए गए थे पौधे

वन विभाग की ओर से हरियाली को बढ़ावा देने के लिए बरसात के सीजन में ही इस जमीन पर विभिन्न किस्मों के पौधे लगवाए थे। इनमें जांटी, कीकर व नीम के पौधे पेड़ बन चुके थे। नए पौधों के साथ-साथ पुराने पेड़ों पर भी विभाग की जेसीबी चल गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण को झटका लगा है। यह पेड़ रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए उखाड़े गए हैं, जिनकी जांच संबंधित अधिकारी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

#### अभी तक जमीन विभाग के नाम नहीं

सरपंच सतीश कुमार ने दावा किया कि यह जमीन अभी तक ग्राम पंचायत के नाम पर है। जमीन जलघर बनाने के लिए दी गई है, जबकि इसे अभी तक विभाग के नाम नहीं कराया गया है। इस जमीन पर पेड़ काटने का अधिकारी तक जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के पास नहीं है। ऐसे में विभाग के जेई ने पेड़ों को उखाड़ते समय नियमों को पूरी तरह ताक पर रखा है। मामले की जांच कराया जाना आवश्यक हो गया है।

भक्ति

### महिला कीर्तन मंडली ने भजनों द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया

# रंग बरसे दरबार मैया जी तेरे रंग बरसे..भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

- ललित व सुनील गेरा ने गणेश वंदना कर भजन संध्या का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** श्रीराम मंदिर में भजन संध्या के दौरान भजनों की प्रस्तुत देते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

हरिपुरा मोहल्ला स्थित श्रीराम मंदिर में पंडित पवन शर्मा के सानिध्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या के दौरान जहां मां का भव्य दरबार सजाया गया वहीं महिला कीर्तन मंडली द्वारा भजनों द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया गया। कार्यक्रम में ललित गेरा, बिट्टू चुघ, सुनील गेरा, सतीश सरदाना, महिला कीर्तन मंडली से रमा गेरा, सुनीता कक्कड़, सुषमा गाबा, सुनीता गेरा, सुषमा भाटिया, सुगंधा चुघ, ज्योति गेरा, सुषमा गोसाई ने मां भगवती सहित अन्य देवी-देवताओं से संबंधित भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान ललित व सुनील गेरा ने गणेश वंदना कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। इसके उपरांत रमा गेरा ने जे मैं हुन्दा दातीये मोर तेरे बागां दा.., बिट्टू चुघ ने रंग बरसे दरबार मैया जी तेरे रंग बरसे.., सुगंधा चुघ ने जरा इतना बता दे मैया तेरा रंग काला क्यू, काला होकर जग से निराला क्यू .., सुषमा गाबा एवं सुषमा गोसाई ने बोलों सारे बोलों जयकारा माई काली दा..हैप्पी बर्थडे बोलों माई काली दा.. आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर किया। जगदीश गेरा,संत लाल बुद्धिराजा, रामअवतार गेरा, अशोक गेरा, विनोद धींगड़ा, श्याम गेरा, दीपू तनेजा, सतीश गाबा, श्याम बुधिराजा, सुषमा भाटिया, उमा गुलाटी, राधिका गंभीरिया, ज्योति गेरा, प्राची चुघ व लवेश चुघ सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### कोर्ट में चल रहे केस में फैसला करने की दी धमकी

**रेवाड़ी।** कोर्ट में विचाराधीन एक मामले में फैसला करने को लेकर आरोपी ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में शहर के विजय नगर के सचिन यादव ने बताया कि बीती शाम को उसके फेसबुक आईडी पर वाइस कॉल आई, जिसे उसने पहले इग्नोर कर दिया, लेकिन जब बार-बार कॉल आती रही तो उसने कॉल उठा ली। कॉल करने वाले ने गाली-गलौच करते हुए उसे अपने भांजे के खिलाफ दर्ज केस फैसला करने को कहा तथा बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत में खड़े हरे चारे पर चलाया ट्रैक्टर, केस दर्ज

**डहीना।** गांव डहीना में खेत में खड़े हरे चारे को ट्रैक्टर से नष्ट कर दिया गया। डहीना चौकी पुलिस को दी शिकायत में डहीना के अनूम ने बताया कि उसने दो किसानों का खेत पट्टे पर लिया हुआ है और फिलहाल उसने खेत में हरा चारा उगाया हुआ है।

**सूचना**

मैं, कुलदीप यादव पुत्र स्व. सीता राम निवासी गांव नयागांव तह. बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा भाई रविन्द्र व उसकी पत्नी श्रीमती मिनाक्षी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनसे सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण की बैठक आज

**झज्जर।** मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय ऑपरेशन सर्कल स्थित कांफ्रेंस हाल में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की बैठक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी।

### दो दुकानदारों के बीच झगड़ा, एक घायल

**बहादुरगढ़।** बादली में दो दुकानदारों के बीच झगड़ा हो गया। इस झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल ने पड़ोसी दुकानदार और उसकी पत्नी पर हमला करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुखबीर ने कहा है कि उसने बादली तहसील के सामने गन्ना जूस की मशीन लगा रखी है। गत 27 अप्रैल की दोपहर को दुकान पर था। इसी दौरान पड़ोसी दुकानदार आया और मशीन पीछे करने के लिए कहने लगा। इसी बात पर झगड़ा हो गया। फिर उसने और उसकी पत्नी ने हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में मुझे काफी चोट आई। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### किशोरी के अपहरण की आशंका

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल की एक किशोरी बहादुरगढ़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी कुछ अता-पता नहीं है। परिजनों ने बेटी के अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस से तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी सूचना में एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी अंजलि 25 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। हमें शक है कि किसी ने उसको कहीं छिपा रखा है। तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं, लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सेक्टर-6 थाने से जांच अधिकारी विकास ने कहा कि परिजनों के बयान पर आईपीसी-365 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### बसों पर लगे मतदान जागरूकता के पोस्टर

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा रोडवेज बसों व सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में यूथ आइकॉन मतदान के महत्व को लेकर आमजन को संदेश दे रहे हैं। रोडवेज बसों के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर भी मतदाता जागरूकता के फ्लेक्स लगाए गए हैं। चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए वोटरों को जागरूक किया जा रहा है।

### देवकरण धर्मशाला में हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

# कराटे चैंपियनशिप में छाया झज्जर

लड़कियों में सोनिका, पायल दलाल, अनामिका व राजरानी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। वहीं लड़कों में जतिन दुलगच, ऋषभ राठी, वंश मिगलानी, सत्यप्रकाश, पीयूष व विशाल मालिक का चयन किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी व आफिशियल्स। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन के बैनर तले हुई स्टेट कराटे चैंपियनशिप में झज्जर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई खिलाड़ियों ने पदक जीते। स्टेट चैंपियनशिप में विजयी खिलड़ियों का चयन देहरादून में होने जा रही नेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

दरअसल, 27 से 28 अप्रैल तक बहादुरगढ़ की देवकरण धर्मशाला में हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 200 खिलड़ियों ने प्रतिभागिता की। झज्जर जिले के खिलाड़ी अव्वल रहे।

लड़कियों में सोनिका, पायल दलाल, अनामिका व राजरानी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। वहीं लड़कों में जतिन दुलगच, ऋषभ राठी, वंश मिगलानी, सत्यप्रकाश, पीयूष व विशाल मालिक का चयन किया गया है। हरियाणा यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन के प्रधान जयप्रकाश, महासचिव भरत यादव, सह सचिव इशांत, उपप्रधान बलविंदर सिंह, उपप्रधान सुनील राठी, रेफरी कमिशन हरीश सिराधना, अनिल श्योराण, बलराम, विकाश पांचाल, चमनलाल, औरंगजेब, अख्तर, नितिन कैन व दीपक कार्की ने चैंपियनशिप में निर्णायक भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। ट्रॉफी प्राप्त करती जिले की टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## सीनियर स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में उपविजेता बनी झज्जर की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

चरखी-दादरी के भादरा में हुई सीनियर स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में झज्जर जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जिले की टीम दूसरे स्थान पर रही। आयोजकों ने उपविजेता ट्राफी से टीम को सम्मानित किया और पुरस्कृत किया। प्रधान प्रदीप गुलिया, सचिव श्वेता देशवाल, कोच दीपक देशवाल ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताया। जिले की टीम में बेहद होनहार खिलाड़ी है। दुर्भाग्यवश फाइनल में चूंक गए लेकिन भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करना ही टीम का लक्ष्य रहेगा।

## प्रणव छिकारा ने श्रीलंका में जीते दो मेडल

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण के स्व. रामदास छिकारा का सुपौत्र प्रणव छिकारा श्रीलंका में छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रणव ने वहां दो तैराकी स्पर्धाओं में मेडल जीते। उसकी जीत पर परिजनों, खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

गत 24 से 28 अप्रैल तक कोलंबो में श्रीलंका तैराकी संघ की ओर से 48वीं वी तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। करीब 13 वर्षीय प्रणव ने इस प्रतियोगिता में अंडर-15 आयुवर्ग में भारतीय खेल प्राधिकरण और ग्लेनमार्क एकेडमी की तरफ से भाग लेते हुए 400 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा 200 मीटर इंडिविजुअल मैडले मे भी कांस्य पदक हासिल किया। प्रणव छिकारा विगत डेढ़ वर्ष से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम दिल्ली के तरण ताल में प्रशिक्षण ले रहा है। अकादमी के सभी प्रशिक्षक और सहायक स्टाफ ने प्रणव छिकारा और उसके पिता डॉ. अमित छिकारा को बधाई दी। डॉ. अमित छिकारा राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा के पद पर आसीन हैं। डॉ. अमित छिकारा को उनके बेटे की उपलब्धियां पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ में व गांव लडरावण के ग्राम वासियों ने बधाई दी।



बहादुरगढ़। पदक विजेता प्रणव छिकारा।

## पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- ओलंपियन खिलाड़ी एवं सहायक पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार को ओलंपिक खिलाड़ी व अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित झज्जर जिले के सहायक पुलिस आयुक्त अखिल कुमार के गांव बराही के खेल स्टेडियम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे।

यहां पर जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर, विजेंद्र कोच व गांव के लोगों ने पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। सहायक पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने गुड़गांव में हुई जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 44 केजी में पहला स्थान प्राप्त करने वाली रेणु, 50 केजी में प्रथम आरती, 60 केजी में समीक्षा, 90 केजी में प्रियांशु, 73 केजी में आर्यन, 66 केजी में मयंक को सम्मानित किया गया।

इस दौरान उन्होंने अन्य युवाओं को भी खेलों में भाग लेने तथा नशे जैसी बुराई से दूर रहने को प्रेरित किया। यातायात समन्वयक सत्यप्रकाश ने इस दौरान युवाओं, ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों और खिलाड़ियों के साथ पुलिस अधिकारी अखिल कुमार।

# रेजांगला युद्ध के शहीदों का चौक बनाकर दी सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के सर्कुलर बाईपास पर सोमवार को रेजांगला शहीदी चौक के नामकरण का बोर्ड लगाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पद्म विभूषित डॉक्टर बख्शीराम यादव की धर्मपत्नी विजेश यादव और हरियाणा यादव महासभा के महासचिव दिनेश यादव, प्रदेशाध्यक्ष पवन यादव मौजूद रहे। मुख्यातिथियों ने कहा कि वर्ष 1962 में हुए रेजांगला युद्ध के शहीदों के नाम पर चौक का नामकरण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है।

इस मौके पर यादव महासभा के पूर्व प्रधान श्याम सुंदर यादव, पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, पूर्व प्रधान धर्मपाल, पूर्व उप प्रधान संजय, नप पार्षद किशोर, पार्षद प्रतिनिधि जयसिंह, बिट्टू, मुकेश यादव, पार्षद जयपाल, सुलतान सिंह, पूर्व पार्षद राव नाहर सिंह, सतीश यादव, वीर सिंह, राम अवतार यादव, सरपंच रमेश यादव खातीवास, सरपंच मनीष यादव सरौला, धनी यादव, एडवोकेट बलजीत यादव, राव दलपत सिंह, प्रिंसिपल होशियार सिंह यादव, राजवीर यादव, सुनील यादव, प्रदीप पहलवान, गुगन यादव, कुलदीप यादव, कृष्ण यादव, रतन सरपंच, विकास, मनपाल, राजेंद्र यादव, कैप्टन रमेश यादव, हवलदार सतबीर, कैप्टन रघुवीर, कैप्टन सूबे सिंह, सूबेदार अशोक, सूबेदार विनोद, अतर सिंह, सूबेदार अजीत, हवलदार वेद प्रकाश यादव, हवलदार लक्ष्मी यादव सहित रेजांगला परिवार 13 कुमांऊ रेजिमेंट के सदस्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। रेजांगला चौक के नामकरण अवसर पर मौजूद मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। मीटिंग में मौजूद एसकेएस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## सर्व कर्मचारी संघ कल मनाएगा मजदूर दिवस


हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारणी की मीटिंग सोमवार को पुराना तहसील रोड स्थित जलघर में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता एसकेएस के जिला प्रधान रामबीर ने की जबकि संचालन बहादुरगढ़ ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र सैनी द्वारा किया गया। मीटिंग में मुख्य एजेंडे रखते हुए जिला प्रधान रामबीर ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ कर्मचारियों की मांगों के संबंध में रोहतक लोकसभा के सभी उम्मीदवारों को ज्ञापन सौंपेगा। इसके अलावा कर्मचारियों द्वारा चुनाव के समय शहर व ग्राम स्तर पर पहुंच कर पर्चा विरतण का कार्य कर मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आगामी एक मई को लघु सचिवालय परिसर में मजदूर दिवस मनाएगा। इस मौके पर राज्य कमेटी सदस्य जयपाल गुढ़ा, दीपक यादव, विष्णु जांगड़ा, मास्टर रमेश जाखड़, योगेश, बेरी ब्लॉक प्रधान राकेश, सुंदर लाल, हेल्थ डिपार्टमेंट से पंकज, आशीष, देवेंद्र, कृष्ण कुमार, जयबीर, राम दर्शन, सीआईटीयू जिला प्रधान सरोज दुजाना, श्रीभगवान, यशपाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# कई ग्रामीण हुए पार्टी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव बराही में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी के नेतृत्व में कई ग्रामीणों ने भाजपा का दामन थामा। युवा कार्यकर्ता गोलू के प्रयासों से पार्टी में शामिल होने वाले ग्रामीणों का नवीन बंटी ने पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नवीन बंटी ने कहा कि भाजपा में साधारण कार्यकर्ता को भी पूरा मान सम्मान मिलता है और यही कारण है कि हर कार्यकर्ता भाजपा परिवार में शामिल होकर खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। नवीन बंटी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत की बदौलत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, चेयरमैन व अन्य पद पर पहुंचकर राष्ट्र, पार्टी तथा आमजन की सेवा कर सकता है। ऐसा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। सौरभ, यश, राहुल, नवाब, नरेश, दीपांशु, विनीत, विशाल, गोलू, मनीष, राहुल, देवेंद्र, हरिभगवान, महलूराम, जगदीश, अरुण, रोहित, संदीप सहित कई ग्रामीण इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। ग्रामवासियों के साथ भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## पुलिस ने अवैध शराब सहित छह आरोपी पकड़े

**बहादुरगढ़।** चुनाव के मद्देनजर पुलिस की ओर से अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में विभिन्न थानों की टीम ने छह जगहों पर छापेमारी कर आरोपियों को शराब सहित काबू किया। आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। इस्सरहेड़ी के माया गार्डन में एक व्यक्ति परचून की दुकान के पीछे शराब बेचता है। इस सूचना पर टीम ने दस्तक दी औरआरोपी को काबू किया। आरोपी की पहचान भरत कुमार के रूप में हुई। उसके पास से पुलिस को 139 पव्वे बरामद हुए। आसौदा चौकी की एक टीम ने जसोरखेड़ी में पानी की डिग्गी के नजदीक से मोहित नाम के एक युवक को अवैध शराब बेचने के शक में पकड़ा। उसके पास से शराब की 24 बोतल, 48 हाफ बरामद हुए। वहीं, मांडोठी चौकी की टीम ने छारा स्थित एक भट्ठे के निकट अवैध शराब बेचने के आरोप में सुनील नाम के शख्स को पकड़ा। उसके पास से 33 बोतल, 55 हाफ और 12 बीयर बरामद हुईं। इसी तरह एक अन्य टीम ने खेड़ी आसरा-छारा रोड से एक शख्स को 12 बोतलों के साथ काबू किया। आरोपी की पहचान रवींद्र के रूप में हुई। वहीं दूसरी तरफ बादली थाने की टीम ने गोयला कलां स्थित ईंट भट्ठे से परचून की आड़ में शराब बेच रहे संदीप नाम के युवक को काबू किया। उसके पास से 11 बोतलें बरामद हुईं। जबकि देवरखाना में लोहट मोड़ पर एक युवक को शराब की 14 बोतलों के साथ काबू किया। आरोपी की पहचान गौरव के रूप में हुई है।

## वैकल्पिक पहचान पत्र दिखा कर भी डाला जा सकता है वोट

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर 25 मई को भी अपना वोट डाल सकता है।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## वेदांत आश्रम में हुआ धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बामड़ोली गांव में स्थित वेदांत आश्रम में श्री योग वेदांत सेवा समिति की ओर से सोमवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। समिति प्रवक्ता नवीन मल्होत्रा ने कहा कि भक्तों ने पूज्य आशाराम बापू की पूजा-अर्चना कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि संतों को नित्य अवतार माना गया है। कभी-न-कभी, कहीं-न-कहीं संत होंगे और उनके हृदय में भगवान अवतरित होकर समाज में सही ज्ञान व सही आनंद का प्रकाश फैलाते हैं। उनके नाम पर, धर्म के नाम पर कहीं कितना भी, कुछ भी चलता रहता है फिर भी संत-अवतरण के कारण समाज में भगवत्सत्ता, भगवत प्रीति, भगवद्ज्ञान, भगवद्-अर्पण बुद्धि के कर्मों का सिलसिला भगवान चलवाते रहते हैं। इन सबके पीछे एक सूत्रधार चैतन्य है और अष्टधा प्रकृति है। यह याद रखो और स्वप्न का मजा लो तो उसकी गंदगी अथवा विशेषता से आप बंधायमान नहीं होंगे। इस मौके पर समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### ग्राम प्रहरियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# डीसीपी ने किया परेड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को पुलिस लाइन मैदान में जनरल परेड के दौरान डीसीपी मयंक मिश्रा ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों को पैटर्न की वर्दी पहनने व शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को उनकी ड्यूटी बारे में निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग में सूचनाओं का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए प्रत्येक ग्राम प्रहरी को अपने-अपने क्षेत्र कि प्रत्येक गतिविधि पर नजर होनी चाहिए। प्रत्येक ग्राम प्रहरी को पता होना चाहिए कि उसके क्षेत्र में कौन नशीला पदार्थ बेचता है और कौन अवैध हथियार रखता है। गांव,वार्ड में अपराधियों व असामाजिक शरारती तत्वों से संबंध रखता है, इस किस्म के व्यक्ति पर उनकी नजर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजिज व्यक्तियों की जायज हर तरह की सहायता करें व शरारती तत्वों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाई की जाए। इस दौरान एसीपी अनिल कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। परेड निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसीपी मयंक मिश्रा।